**केंद्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान, सारनाथ, वाराणसी, उ.प्र., भारत**
**(यूजीसी अधिनियम 1956 की धारा 3 के तहत केंद्र सरकार द्वारा वित्त पोषित 'मानित विश्वविद्यालय')**
**शैक्षणिक सत्र 2024-2025 के लिए प्रवेश परीक्षा अधिसूचना**

दिनांक:03.05.2024

केंद्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों जैसे पूर्व मध्यमा, उत्तर मध्यमा, शास्त्री, बीएड, बीए. बीएड. और आचार्य में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित करता है। शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए प्रवेश परीक्षा 23 जून 2024 को दो सत्रों में आयोजित होगी - सुबह 09.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक और दोपहर 02.00 बजे से शाम 05.00 बजे तक। इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश पाने हेतु इच्छुक उम्मीदवार संस्थान की वेवसाइट www.cihts.ac. पर उपलब्ध आवेदन पत्र के माध्यम से प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। **संस्थान के मानदंडों के अनुसार पात्र छात्रों को फ्रीशिप/छात्रवृत्ति उपलब्ध कराई जाती है।**

केंद्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान सारनाथ, वाराणसी की परिकल्पना परमपावन दलाई लामा जी ने की थी और इसकी स्थापना तिब्बती सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने एवं तिब्बती और हिमालयी युवाओं को आधुनिक विश्वविद्यालयीन परिवेश में बौद्ध और तिब्बती अध्ययन के पारंपरिक विषयों का अध्ययन करने के लिए शैक्षिक अवसर प्रदान करने के लिए की गई थी। इस संस्थान को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यू.जी.सी.) द्वारा मानित विश्वविद्यालय के रूप में मान्यता दी गई है। इस स्थान को NAAC द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त है।

संस्थान के स्नातक संस्थान में संकाय सदस्यों के रूप में या इसके किसी शोध विभाग, जैसे पुनरुद्धार, अनुवाद, दुर्लभ बौद्ध ग्रंथ शोध, शब्दकोश और तिब्बती साहित्य में शोध विद्वान के रूप में अपना भविष्य बना सकते हैं। इसके अलावा, वे भारत के हिमालयी क्षेत्रों सहित भारत, नेपाल और भूटान और विदेशों में अन्य शैक्षणिक संस्थानों में शिक्षक, शोध विद्वान, अनुवादक, दुभाषिया आदि के रूप में काम कर सकते हैं या केंद्रीय तिब्बती प्रशासन में सेवा कर सकते हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| पूर्व मध्यमा (बौद्ध दर्शन) | 47 | पात्रता- जिन उम्मीदवारों ने तिब्बती भाषा को एक विषय के रूप में लेकर या उसके बिना किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से आठवीं कक्षा को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है या उसमें शामिल हो रहे हैं, लेकिन कक्षा आठवीं के बराबर तिब्बती भाषा में प्रवीणता का स्तर रखते हैं, वे प्रवेश परीक्षा में भाग लेने के लिए पात्र हैं। इसके अलावा, आठवीं कक्षा के समकक्ष अंग्रेजी या हिंदी में दक्षता का स्तर भी आवश्यक है। | परीक्षा का स्वरूप-<br>परीक्षा में दो प्रश्न पत्र होंगे -<br>(ए) तिब्बती भाषा (**100** अंक)<br>(बी) हिंदी या अंग्रेजी (**100** अंक)।<br>प्रश्न पत्र का स्तर कक्षा **8**वीं के समकक्ष होगा। |
| उत्तर मध्यमा (फाइन आर्ट) | 10 | पात्रता- जो उम्मीदवार किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से एक विषय के रूप में तिब्बती भाषा के साथ या तिब्बती भाषा के बिना दसवीं कक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं या परीक्षा दे रहे हैं, लेकिन दसवीं कक्षा के समकक्ष तिब्बती भाषा का ज्ञान रखते हैं, वे प्रवेश परीक्षा में बैठने के लिए पात्र होंगे। इसके अलावा, दसवीं कक्षा के समकक्ष अंग्रेजी या हिंदी का ज्ञान भी आवश्यक है। | परीक्षा का स्वरूप -<br>परीक्षा में तीन प्रश्न पत्र होंगे -<br>(ए) तिब्बती भाषा (**100** अंक)<br>(बी) अंग्रेजी या हिंदी (**50** अंक)<br>(सी) सामान्य ज्ञान (**50** अंक)<br>प्रश्न पत्र का स्तर **10**वीं कक्षा के समकक्ष होगा। |
| उत्तर मध्यमा (भोट ज्योतिष) | 07 | **पात्रता** - जिन उम्मीदवारों ने तिब्बती भाषा को एक विषय के रूप में या उसके बिना किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से दसवीं कक्षा को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है या उसमें शामिल हो रहे हैं, लेकिन दसवीं कक्षा के समकक्ष तिब्बती भाषा में प्रवीणता का स्तर रखते हैं, वे प्रवेश परीक्षा भाग लेने के लिए पात्र हैं। इसके अतिरिक्त, दसवीं कक्षा के समकक्ष अंग्रेजी या हिंदी में दक्षता का स्तर भी अनिवार्य है। | परीक्षा का स्वरूप -<br>परीक्षा में तीन प्रश्न पत्र होंगे -<br>(ए) तिब्बती भाषा (**100** अंक)<br>(बी) हिंदी या अंग्रेजी (**50** अंक)<br>(सी) सामान्य ज्ञान (**50** अंक)<br>प्रश्न पत्र का स्तर **10**वीं कक्षा के समकक्ष होगा। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| शास्त्री (भोट ज्योतिष) | * | **पात्रता**- भोट ज्योतिष में शास्त्री कार्यक्रम में प्रवेश ऐसे छात्र के लिए खुला होगा जो तिब्बती भाषा के साथ 10+2 स्तर पर उत्तीर्ण या परीक्षा दे रहा हो।<br>**या**<br>जिसके पास तिब्बती भाषा के साथ उत्तर मध्यमा का प्रमाण पत्र या तिब्बती भाषा के साथ किसी मान्यता प्राप्त स्कूल/ विश्वविद्यालय/संस्थान से समकक्ष प्रमाण पत्र हो। | परीक्षा का माध्यम-<br>परीक्षा में चार प्रश्न पत्र होंगे-<br>(ए) भोट ज्योतिष (100 अंक)<br>(बी) तिब्बती भाषा (50 अंक)<br>(सी) संस्कृत (50 अंक)<br>(डी) हिंदी / अंग्रेजी (50 अंक)<br>प्रश्न पत्र का स्तर 12वीं कक्षा स्तर का होगा।<br>प्रश्न पत्र (ए) और (बी) के लिए भाषा केवल तिब्बती होगी। |
| बी.एफ.ए. | * | **पात्रता**- बी.एफ.ए. में प्रवेश कार्यक्रम ऐसे छात्र के लिए खुला होगा जो तिब्बती भाषा के साथ 10+2 स्तर पर उत्तीर्ण हुआ हो या परीक्षा दे रहा हो<br>**या**<br>जिसके पास तिब्बती भाषा के साथ उत्तर मध्यमा का प्रमाण पत्र या तिब्बती भाषा के साथ किसी मान्यता प्राप्त स्कूल/विश्वविद्यालय/संस्थान से समकक्ष प्रमाण पत्र हो। | परीक्षा का माध्यम-<br>परीक्षा में तीन प्रश्न पत्र होंगे-<br>(ए)कला और सौंदर्यशास्त्र का इतिहास (100 अंक)<br>(बी) तिब्बती भाषा (50 अंक)<br>(सी) अंग्रेजी/हिंदी (50 अंक)।<br>प्रश्न पत्र का स्तर 12वीं कक्षा स्तर का होगा।<br>प्रश्न पत्र (ए) के लिए भाषा तिब्बती/हिंदी/अंग्रेजी होगी। |
| आचार्य (बौद्ध दर्शन) | * | **पात्रता**- बौद्ध दर्शन में आचार्य कार्यक्रम में प्रवेश उस छात्र के लिए खुला होगा जो तिब्बती भाषा के साथ बौद्ध दर्शन में शास्त्री उत्तीर्ण कर चुका है या परीक्षा दे रहा है।<br>या<br>तिब्बती भाषा के साथ शास्त्री (बी.ए.) या तिब्बती भाषा में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से समकक्ष योग्यता। | परीक्षा का माध्यम-<br>परीक्षा में तीन प्रश्न पत्र होंगे-<br>(ए) बौद्ध दर्शन (100 अंक)<br>(बी) तिब्बती भाषा (50 अंक)<br>(सी) हिंदी/अंग्रेजी/पाली/संस्कृत (50 अंक)<br>प्रश्न पत्र का स्तर शास्त्री (बी.ए.) स्तर का होगा।<br>प्रश्न पत्र (ए) और (बी) के लिए भाषा केवल तिब्बती होगी। |
| आचार्य (बोन दर्शन) | * | **पात्रता**- बोन दर्शन में आचार्य कार्यक्रम में प्रवेश उस छात्र के लिए खुला होगा जो तिब्बती भाषा के साथ बोन दर्शन में शास्त्री उत्तीर्ण कर चुका है या उसमें शामिल हो रहा है।<br>या<br>तिब्बती भाषा के साथ शास्त्री (बी.ए.) या<br>तिब्बती भाषा के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से समकक्ष योग्यता। | परीक्षा का माध्यम-<br>परीक्षा में तीन प्रश्न पत्र होंगे-<br>(ए) बान दर्शन (100 अंक)<br>(बी) तिब्बती भाषा (50 अंक)<br>(सी) हिंदी/अंग्रेजी/पाली/संस्कृत (50 अंक)<br>प्रश्न पत्र का स्तर शास्त्री (बी.ए.) स्तर का होगा।<br>प्रश्न पत्र (ए) और (बी) के लिए भाषा केवल तिब्बती होगी। |
| आचार्य (तिब्बती भाषा और साहित्य) | * | **पात्रता**- तिब्बती भाषा और साहित्य में आचार्य कार्यक्रम में प्रवेश उस छात्र के लिए खुला होगा जो तिब्बती भाषा के साथ बौद्ध दर्शनशास्त्र में शास्त्री उत्तीर्ण कर चुका है या परीक्षा दे रहा है।<br>या<br>तिब्बती भाषा के साथ शास्त्री (बी.ए.) / तिब्बती भाषा के साथ बी.ए.बी.एड. चार वर्षीय कार्यक्रम या तिब्बती भाषा के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से समकक्ष योग्यता। | परीक्षा का माध्यम-<br>परीक्षा में तीन प्रश्न पत्र होंगे-<br>(ए) तिब्बती साहित्य (100 अंक)<br>(बी) तिब्बती भाषा (50 अंक)<br>(सी) हिंदी/अंग्रेजी/पाली/संस्कृत (50 अंक)<br>प्रश्न पत्र का स्तर शास्त्री (बी.ए.) स्तर का होगा।<br>प्रश्न पत्र (ए) और (बी) के लिए भाषा केवल तिब्बती होगी। |

5. प्रवेश फॉर्म संस्थान की वेबसाइट www.cihts.ac.in पर उपलब्ध है और इसे निम्नलिखित लिंक से डाउनलोड किया जा सकता है:

a) **https://cihts.ac.in/wp-content/uploads/2024/05/ENTRANCE-EXAMINATION-APPLICATION-FORM-FOR-PURVA-MADHAYAMA-UTTAR-MADHAYAMA-2024-25.pdf**
b) **https://cihts.ac.in/wp-content/uploads/2024/05/ENTRANCE-EXAMINATION-APPLICATION-FORM-FOR-SHASTRI-B.F.A.-B.ED_.-B.A.-B.ED_.-2024-25.pdf**
c) **https://cihts.ac.in/wp-content/uploads/2024/05/ENTRANCE-EXAMINATION-APPLICATION-FORM-FOR-ACHARYA-M.F.A.-2024-25.pdf**

आवेदन पत्र में उल्लिखित सभी प्रासंगिक दस्तावेजों की स्व-प्रमाणित फोटो कॉपी के साथ भरे हुए फॉर्म **10 जून 2024 को शाम 05.00 बजे तक या उससे पहले पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट/कूरियर या ईमेल द्वारा नीचे दिए गए विवरण पर भेजे जाने चाहिए।** अपूर्ण या अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा। इस अधिसूचना के तिब्बती और हिंदी संस्करण अलग-अलग जारी किए जा रहे हैं।

स्पीड पोस्ट/पंजीकृत पोस्ट/कूरियर

कुलसचिव
परीक्षा विंग
केंद्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान
सारनाथ, वाराणसी- 221007,
उत्तर प्रदेश, भारत
ईमेल admission2024@cihts.ac.in .

6. **अन्य जानकारी एवं महत्वपूर्ण तिथियां:**
(i) परीक्षा की तिथि - 23.06.2024
(ii) परिणाम घोषित होने की तिथि - 28.06.2024
(iii) काउंसलिंग की तिथि - 01.07.2024 से 03.07.2024

7. केंद्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान लगभग 15 जून से 20 जून, 2024 के बीच छात्रों द्वारा दिए गए ईमेल आईडी के माध्यम से उनका एडमिट कार्ड जारी करेगा।

8. काउंसलिंग के समय, अंकपत्र, स्थानांतरण प्रमाण पत्र, स्कूल छोड़ने का प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, श्रेणी प्रमाण पत्र, जन्मतिथि का प्रमाण, आवासीय प्रमाण, विदेशी नागरिकों के लिए पासपोर्ट/नागरिक प्रमाण पत्र, तिब्बती के लिए पंजीकरण प्रमाण पत्र (आर.सी.)/ग्रीन बुक जैसे मूल दस्तावेज अनिवार्य रूप से आवश्यक हैं।

9. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे नियमित रूप से संस्थान की वेबसाइट www.cihts.ac.in पर जाएं और नवीनतम अपडेट के लिए अपना ई-मेल देखें।

10. किसी भी जानकारी के लिए, आवेदक कार्यालय समय के दौरान, अर्थात पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 05.00 बजे तक निम्नलिखित नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं:

श्री कुँवर रवि शंकर, परीक्षा विंग - 07052267273
श्री पेंपा छेरिंग, परीक्षा विंग- 07905899789
श्री अभिमन्यु भंडारी, परीक्षा विंग – 08894839082

(डॉ. सुनीता चंद्रा)
कुलसचिव

प्रतिलिपि:

- माननीय कुलपति की जानकारी के लिए कुलपति कार्यालय, केंद्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान
- संयुक्त सचिव, बीटीआई अनुभाग, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार, पुरातत्व भवन, नई दिल्ली
- कुलपति, नव नालन्दा महाविहार, बिहार